(138)

# वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत वनभूमि प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव
## (भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना अनुसार)
### भाग—4

(नोडल अधिकारी अथवा प्रधान मुख्य वन संरक्षक अथवा अध्यक्ष, वन विभाग द्वारा भरे जाने के लिए)

टिप्पणियों के साथ प्रस्ताव को स्वीकार करने या अन्यथा के लिए राज्य वन विभाग की विस्तृत राय और निर्दिष्ट सिफारिशें। (राय देते समय संबंधित वन संरक्षक अथवा उप वन संरक्षक की प्रतिकूल टिप्पणियों की सुस्पष्ट समीक्षा की जाए और विवेचनात्मक टिप्पणी की जाए)

आवेदनकर्ता, कार्यपालन अभियंता, सह सदस्य सचिव, परियोना कार्य क्रियान्वयन इकाई, कोरबा द्वारा कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत हरदीबाजार बाईपास (व्हाया रतिजा, रैंकी, बम्हनीकोना, सरईसिंगार) मार्ग निर्माण का पेवब्ड शोल्डर सहित सी.सी. सड़क निर्माण कार्य हेतु रकबा 15.40 हे. नारंगी वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु व्यपवर्तन प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

प्रस्ताव में दर्शाये अनुसार मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर वृत्त के अभिमत से सहमत होते हुए सी.सी. सड़क निर्माण कार्य हेतु 15.40 हे. वन भूमि के व्यपवर्तन की अनुशंसा की जाती है।

दिनांक: 09/11/2020
स्थान: अरण्य भवन, नवा रायपुर

(राकेश चतुर्वेदी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
एवं
वन बल प्रमुख
छत्तीसगढ़
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
छत्तीसगढ़, रायपुर

(14)

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ एवं वन बल प्रमुख

अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, कैपिटल काम्पलेक्स, नवा रायपुर, अटल नगर – 492002
(अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक – भू–प्रबंध)
दूरभाष: 0771 – 2512840 ई – मेल: apccf-lm.cg@gov.in

क्र./भू–प्रबंध/विविध/115–786/2011 दिनांक 03/11/2020

प्रति,

**प्रमुख सचिव**
छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन
नवा रायपुर, अटल नगर

**विषय :–** **Registration of forest land diversion proposal for 15.40 ha. forest land in favour of Hardibazar Bypass Length 11.76 Km. (via Ratija, Renki, Bamhnikona, Saraisingar) CC road Project.**
**रजिस्ट्रेशन क्रमांक – FP/CG/ROAD/ 40258/2019**

**संदर्भः** – मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर वृत्त का पत्र क्रमांक/ तक/ 2336 दिनांक 20.10.2020

–0–

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के दिशा निर्देशों तथा नवीन चेक लिस्ट अनुसार मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर वृत्त, बिलासपुर द्वारा निर्धारित प्रपत्र–3 में अनुशंसा उपरांत वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। नोडल अधिकारी FC Act कार्यालय के परीक्षण उपरांत प्रस्ताव का चेकलिस्ट बिन्दु क्रमांकवार विवरण निम्नानुसार हैः–

**बि.क्र. 1. आवेदक विभाग का मांग पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 01 से 03)** – आवेदनकर्ता, कार्यपालन अभियंता, सह सदस्य सचिव, परियोना कार्य क्रियान्वयन इकाई, कोरबा द्वारा कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत हरदीबाजार बाईपास (व्हाया रतिजा, रैंकी, बम्हनीकोना, सरईसिंगार) मार्ग निर्माण का पेवव्ड शोल्डर सहित सी.सी. सड़क निर्माण कार्य हेतु रकबा 15.40 हे. नारंगी वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 अंतर्गत आवेदन निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किया है।

**बि.क्र. 2. प्रपत्र I में रजिस्ट्रेशन कोड (वर्ष/पंजीयन क्रमांक) (प्रस्ताव पृष्ठ 4 से 5)** – आवेदनकर्ता द्वारा रजिस्ट्रेशन क्रमांक – FP/CG/ROAD/ 40258/2019 आबंटित होने का उल्लेख किया गया है जिसकी पुष्टि इस कार्यालय के पत्र दिनांक 29.02.2020 के आधार पर की जाती है। पंजीयन शुल्क 6000 एवं प्रसंस्करण शुल्क 18,000 रूपये जमा कराया गया है।

**बि.क्र. 3. वन क्षेत्र का विवरण (प्रस्ताव पृष्ठ 6 से 7)** – कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत हरदीबाजार बाईपास (व्हाया रतिजा, रैंकी, बम्हनीकोना, सरईसिंगार) मार्ग निर्माण का पेवव्ड शोल्डर सहित सी.सी. सड़क कार्य हेतु ओ.ए. 599, ओ.ए. 601 एवं ओ.ए. 602 के रकबा 15.40 हे. नारंगी वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 अंतर्गत आवेदन निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किया है।

**बि.क्र. 4. गैर वन क्षेत्र का विवरण (प्रस्ताव पृष्ठ 19 से 22)** – व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित क्षेत्र में 8.613 हे. गैर वन भूमि प्रभावित हो रही है। विवरण संलग्न है।

**बि.क्र. 5. प्रत्यावर्तित हेतु प्रस्तावित वन क्षेत्र का सर्वे ऑफ इंडिया का मूल टोपोशीट 1: 50000 स्केल पर (प्रस्ताव पृष्ठ 23 से 25)** – प्रस्तावित वन क्षेत्र का सर्वे ऑफ इंडिया का मानचित्र संलग्न है।

15

**बि.क्र. 6. वन क्षेत्र का इन्डेक्स मैप (प्रस्ताव पृष्ठ 26 से 38)** – वन क्षेत्र का इंडेक्स मैप संलग्न है।

**बि.क्र. 7. प्रपत्र – 4 में प्रस्ताव (प्रस्ताव पृष्ठ 39 से 42)** – प्रपत्र – 4 में व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित नारंगी वन भूमि 15.40 हे., के लिए परियोजना की प्रशासकीय लागत 8916.75 लाख बतायी गई है। प्रस्तावित क्षेत्र का घनत्व 0.2 से 0.3 है।

**बि.क्र. 8. प्रोजेक्ट पर विस्तृत टीप (प्रस्ताव पृष्ठ 43 से 45)** – कार्यपालन अभियंता, सह सदस्य सचिव, परियोना कार्य क्रियान्वयन इकाई, कोरबा द्वारा कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत हरदीबाजार बाईपास (व्हाया रतिजा, रैंकी, बम्हनीकोना, सरईसिंगार) मार्ग निर्माण का पेवव्ड शोल्डर सहित सी.सी. सड़क निर्माण कार्य हेतु रकबा 15.40 हे. नारंगी वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु प्रस्ताव का विस्तृत टीप संलग्न है।

**बि.क्र. 9. वैकल्पिक वृक्षारोपण राशि जमा करने का वचन पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 46)** – यूजर एजेंसी का वचन पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 10. न्यूनतम वन क्षेत्र उपयोगिता प्रमाण पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 47)** – प्रस्तावित वन क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं है।यूजर एजेंसी एवं वन मंडलाधिकारी, कटघोरा वन मंडल का संयुक्त प्रमाण पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 11. पर्यावरण संरक्षण स्वीकृत प्रमाण पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 48 से 53)** – भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की विज्ञप्ति की दिनांक 22.08.2013 के अनुसार पर्यावरण मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

**बि.क्र. 12. वृक्ष विदोहन विवरण (प्रपत्र – अ एवं ब में) (प्रस्ताव पृष्ठ 54 से 65)** – आवेदित क्षेत्र में 1523 नग मिश्रित प्रजाति के वृक्षों का विदोहन किया जाना है। प्रस्ताव में संलग्न है।

**बि.क्र. 13. कास्ट/बेनिफिट एनालिसिस (प्रस्ताव पृष्ठ 66 से 70)** – परियोजना का कास्ट बेनीफिट एनालिसिस 2.12:1 है जो प्रस्ताव में संलग्न है।

**बि.क्र. 14. – चयनित गैर वन क्षेत्र/निजी भूमि (पंचशाला खसरा की नकल, मानचित्र, सक्षम अधिकारी का हस्तांतरण आदेश) – राजस्व वन क्षेत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 71 तक)** – प्रस्ताव में वैकल्पिक वृक्षारोपण परियोजना हेतु गैर वन भूमि / निजी भूमि प्रस्तावित नहीं है। इस आशय का यूजर एजेंसी एवं वन मंडलाधिकारी, कटघोरा का संयुक्त प्रतिवेदन संलग्न है।

**बि.क्र. 15. गैर वन क्षेत्र के आसपास क्षेत्र का नक्शा (प्रस्ताव पृष्ठ 72 से 81)** – प्रस्तावित परियोजना हेतु वैकल्पिक वृक्षारोपण प्रस्तावित नहीं होने के कारण आवश्यक नहीं। इस आशय का आवेदक संस्थान का वचन पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 16. स्थल विशेष वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना (प्रस्ताव पृष्ठ 82 से 114 तक)** – आवेदित वन भूमि 15.40 हे. के एवज में कटघोरा वन मंडल के कटघोरा परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक ओ.ए. 778 में दुगुने नारंगी वन भूमि रकबा 30.80 हे. में क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण के लिये प्रस्तावित है। 10 वर्षीय परियोजना प्रतिवेदन संलग्न है।

**बि.क्र. 17. वृक्षारोपण क्षेत्र उपयुक्तता प्रमाण पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 91)** – वैकल्पिक वृक्षारोपण वन मंडलाधिकारी, कटघोरा वन मंडल का उपयुक्तता प्रमाण पत्र वैकल्पिक वृक्षारोपण योजन के साथ संलग्न है।

**बि.क्र. 18. अधिनियम उल्लंघन अंतर्गत कार्यो का विवरण (प्रस्ताव पृष्ठ 122)** – वन मंडलाधिकारी कटघोरावन मंडल के प्रतिवेदन अनुसार वन संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन नहीं किया गया है।

**बि.क्र. 19. अधिनियम उल्लंघन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विवरण (प्रस्ताव पृष्ठ 123)** – बिन्दु क्रमांक 18 के आलोक में निरंक है।

**बि.क्र. 20. अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध प्रस्तावित कार्यवाही (प्रस्ताव पृष्ठ 124)** – बिन्दु क्रमांक 18 के आलोक में निरंक है।

**बि.क्र. 21. वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु गैर वनभूमि अनुपलब्धता हेतु मुख्य सचिव का प्रमाण पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 125)** – वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु नारंगी वन भूमि प्रस्तावित होने के कारण गैर वन भूमि अनुपलब्धता हेतु मुख्य सचिव का प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। वन मंडलाधिकारी एवं आवेदक संस्थान का संयुक्त प्रमाण पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 22. कैचमेंट ट्रीटमेंट प्लान (प्रस्ताव पृष्ठ 126)** – प्रस्ताव मार्ग निर्माण से संबंधित होने के कारण लागू नहीं होगा। प्रमाण पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 23. रिक्लेमेशन प्लान (प्रस्ताव पृष्ठ 127)** – प्रस्ताव खनन से संबंधित न होने के कारण रिक्लेमेशन प्लान की आवश्यकता नहीं है। प्रमाण पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 24. माईनिंग प्लान IBM नागपुर द्वारा अनुमोदित (केवल खनन प्रकरण में) (प्रस्ताव पृष्ठ 128)** – प्रस्ताव खनन से संबंधित न होने के कारण माईनिंग प्लान की आवश्यकता नहीं है। प्रमाण पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 25. व्यवस्थापन प्लान (प्रस्ताव पृष्ठ 129)** – प्रस्ताव किसी को उक्त क्षेत्र में से हटाया नहीं गया है। अतः व्यवस्थापन प्लान की आवश्यकता नहीं है। प्रमाण पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 26. वन अधिकारियों का निरीक्षण प्रतिवेदन (प्रपत्र ५ से ष्ट तक) (प्रस्ताव पृष्ठ 130 से 139)** – भाग–2 पर वन मंडलाधिकारी, कटघोरा वन मंडल द्वारा दिनांक 23.07.2020 को प्रस्ताव की स्वीकृति की अनुशंसा की गई है। वन मंडलाधिकारी कटघोरा वन मंडल के अनुशंसा से मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर वृत्त द्वारा प्रस्ताव पर अनुशंसा की गई है।

**बि.क्र. 27. ऐतिहासिक स्थल का प्रमाण पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 140)** – व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित वन क्षेत्र ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का स्थल नहीं है जिससे संबंधित वन मंडलाधिकारी कटघोरा वन मंडल एवं यूजर एजेंसी का संयुक्त प्रमाण पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 28. संबंधित ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 141 से 164)** – संबंधित ग्राम पंचायतों का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्ताव में संलग्न है।

**बि.क्र. 29. जिले की कुल वन भूमि (रकबा हे. में) (प्रस्ताव पृष्ठ 165 से 166)** – कोरबा जिले की कुल वन भूमि 4187.375 वर्ग कि.मी. है।

**बि.क्र. 30. व.स.अ. 1980 अंतर्गत जिले के स्वीकृत प्रकरणों मे प्रभावित हुई वन भूमि रकबा हे. में (प्रस्ताव पृष्ठ 167)** – कटघोरा वन मंडल 48 प्रकरणों में 4863.491 हे. वन भूमि प्रभावित हुई है। वन भूमि का विवरण संलग्न है।

**बि.क्र. 31. व.स.अ. 1980 अंतर्गत जिले के स्वीकृत प्रकरणों मे इसी श्रेणी की कुल प्रत्यावर्तन वन भूमि रकबा हे. में (प्रस्ताव पृष्ठ 168)** – कटघोरा वन मंडल में 1 प्रकरण के लिए 382.344 हे. वन भूमि प्रभावित हुई है। वन भूमि का विवरण संलग्न है।

**बि.क्र. 32. प्रस्तावित क्षेत्र के 10 कि.मी. की परिधि में राष्ट्रीय उद्यान, वन्यप्राणी अभ्यारण्य या हाथी कारीडोर स्थित है अथवा प्रस्तावित है या अन्य ऐतिहासिक महत्व का चिन्ह / मूर्ति न होने की जानकारी (प्रस्ताव पृष्ठ 169)** – प्रस्तावित क्षेत्र के 10 कि.मी. के परिधि में राष्ट्रीय उद्यान, वन्य प्राणी अभ्यारण्य स्थित नहीं है अथवा प्रस्तावित भी नहीं है। वन मंडलाधिकारी कटघोरा वन मंडल का एवं यूजर एजेंसी का संयुक्त प्रमाण पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 33. 15 कि.मी. परिधि के नक्शे में खनन हेतु प्रस्तावित स्थलों का चिन्हांकन (प्रस्ताव पृष्ठ 170)** – खनन प्रकरण नहीं है। अतः आवश्यकता नहीं है। प्रमाण पत्र संलग्न है।

(17)

**बि.क्र. 34. वन अधिकार मान्यता पत्र वितरण की सूची एवं कलेक्टर का अनापत्ति प्रमाण पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 171 से 176)** – आवेदित क्षेत्र के लिये अनुविभागीय अधकारी, कटघोरा के पत्र दिनांक 02.08.2019 के आधार पर कलेक्टर कोरबा का वन अधिकार पत्र वितरण संबंधित प्रमाण पत्र दिनांक 23.10.2019 जारी किया गया है जो प्रस्ताव में संलग्न है **(प्रस्ताव के पृष्ठ क्रमांक 172)।**

**बि.क्र. 35. राजस्व वन भूमि हेतु कलेक्टर का प्रमाण पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 177)** – प्रस्ताव में राजस्व वन भूमि प्रभावित नहीं हो रही है अतएव राजस्व वन भूमि हेतु कलेक्टर के प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

**बि.क्र. 36. माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार प्रत्याशा मूल्य जमा करने का वचन पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 178 से 181)** – यूजर एजेंसी द्वारा दिया गया वचन पत्र संलग्न है।

**बि.क्र. 37. Clearance under FC Act, 1980: Deposition of funds with the Ad-hoc CAMPA: Remittances to precede 2nd stage clearance (प्रस्ताव पृष्ठ 182)** – यूजर एजेंसी द्वारा दिया गया वचन पत्र प्रस्ताव में संलग्न है।

**बि.क्र. 38. A detailed note on Soil Productivity or the lack of it (प्रस्ताव पृष्ठ 183)** – प्रस्तावित परियोजना के लागू नहीं होगा। आवेदक संस्थान का प्रतिवेदन संलग्न है।

**बि.क्र. 39. परियोजना की किसी भी प्रकार की भूमि में कार्य प्रारंभ न करने का प्रमाण पत्र (प्रस्ताव पृष्ठ 184)** – वन भूमि में प्रस्तावित कार्य के अलावा किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जायेगा ऐसा प्रमाण पत्र यूजर एजेंसी के द्वारा दिया गया है।

**बि.क्र. 40. Diversion of large area (more then 500 ha.) of forest land for mining and other non-forestry purposes under the Forest (Conservation) Act 1980 (प्रस्ताव पृष्ठ 185)** – केवल 500 हे. से अधिक के प्रकरण में लागू है। अतः आवश्यकता नहीं है।

**बि.क्र. 41. पंजीयन क्रमांक – पंजीयन शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क का विवरण (प्रस्ताव पृष्ठ 186 से 190)** – बिन्दु क्रमांक –2 पर विस्तृत विवरण दिया गया है।

**बि.क्र. 42. वन्यप्राणी परियोजना पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) का अभिमत (प्रस्ताव पृष्ठ 190)** – प्रस्तावित परियोजना सी.सी. मार्ग निर्माण के लिए होने के कारण लागू नहीं होगा। तदाशय का आवेदक संस्थान का संयुक्त प्रतिवेदन संलग्न है।

**बि.क्र. 43. विद्युत लाईन से संबंधित प्रकरणों में एक स्थल से दूसरे स्थल तक टावर ले जाने का मानचित्र तथा तीन विकल्प में न्यूनतम प्रभावी वन क्षेत्र का विवरण (प्रस्ताव पृष्ठ 191)** – प्रकरण विद्युत पारेषण लाईन से संबंधित नहीं होने के कारण लागू नहीं होगा। तदाशय का आवेदक संस्थान का वचन पत्र संलग्न है।

बि.क्र. 44. प्रस्ताव मे अन्य (Misc) कमियों का विवरण विवरण (प्रस्ताव पृष्ठ–192) – प्रस्ताव से संबंधित अन्य जानकारी संलग्न है।

प्रकरण भारत शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार तैयार किया गया है तथा समस्त प्रचलित संबद्ध नियमो/दिशा निर्देशों का पालन किया गया है। प्रस्ताव भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के वेब साईट में www.parivesh.nic.in पर अपलोड किया गया है।

उपरोक्त विवरण के आधार पर वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर वृत्त, बिलासपुर द्वारा स्वीकृति की अनुशंसा की गई है। मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर वृत्त, बिलासपुर के उक्त अनुशंसा के आधार पर प्रस्ताव से सहमत होते हुए, प्रधान मुख्य वन संरक्षक

एवं वन बल प्रमुख, छत्तीसगढ़ के अनुशंसा निर्धारित प्रपत्र भाग–4 सहित वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रथम चरण की स्वीकृति के लिये प्रस्ताव 3 प्रतियों में संलग्न प्रेषित है।

**संलग्नः–**
1. प्रस्ताव 3 प्रतियों में
2. डी.जी.पी.एस. सर्वे रिर्पोट 3 प्रतियों में
3. टाईम लाईन
4. प्र.मु.व. संरक्षक द्वारा हस्ताक्षरित भाग–4

**(वन बल प्रमुख द्वारा अनुमोदित)**

अ.प्र.मु.व.स (भू–प्रबंध / व.स.अ)
छत्तीसगढ़